दिनांक : 09/04/2026 समय : 07.10 PM

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- विधायी निकायों में महिलाओं का आरक्षण समय की मांग, लोकतंत्र बनेगा और मजबूत।
- पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद घरेलू एलपीजी सिलेंडर की 100% आपूर्ति जारी।
- पश्चिम एशिया के तनाव के बीच भारतीय जहाज 'ग्रीन आशा' होर्मुज स्ट्रेट पार कर नवी मुंबई पहुंचा। 15,400 टन एलपीजी लेकर आया जहाज ।
- प्रदेश में आज से 8वां पोषण पखवाड़े की शुरूआत, 23 अप्रैल तक होगा आयोजन।

**पीएम- नारी शक्ति**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण समय की मांग है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र और अधिक जीवंत तथा सहभागी बनेगा। एक वीडियो में समाचार पत्रों में दिए गए अपने विशेष लेख का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण से जुडे महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा और उसे पारित कराने के लिए 16 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया गया है।

**एलपीजी पोत 'ग्रीन आशा'**

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारतीय ध्वज वाला एलपीजी पोत 'ग्रीन आशा' आज होर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार कर नवी मुंबई पहुंच गया। यह जहाज 15 हजार 400 टन द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस लेकर आया है और पोत पर सवार सभी

चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। जहाज के सुरक्षित पहुंचने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू एलपीजी आपूर्ति को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## गैस सिलेंडर आपूर्ति

केंद्र सरकार का कहना है कि घर में इस्तेमाल होने वाले गैस सिलेंडर की 100 फीसदी आपूर्ति बिना किसी रुकावट के जारी है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि दुनिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव की वजह से एलपीजी की सप्लाई पर असर जरूर पड़ा है, लेकिन घरेलू उपभोक्ताओं को किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी गई।

## जन विश्वास विधेयक

संसद ने जन विश्वास विधेयक 2026 पारित किया है, जिसके तहत 23 मंत्रालयों के 79 कानूनों के 784 प्रावधानों में बदलाव किया जाएगा। इस बिल का मकसद छोटी और तकनीकी गलतियों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना है, यानी अब मामूली उल्लंघनों पर जेल की बजाय सिर्फ जुर्माना लगेगा।

## 8वा पोषण पखवाड़ा

प्रदेश में आज से 8वां पोषण पखवाड़ा शुरू हो गया है. यह पखवाड़ा 23 अप्रैल तक चलेगा। इस बार की थीम- "जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास" रखी गई है। प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर आज स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इसका शुभारंभ हुआ। इस दौरान बच्चों के पोषण, स्क्रीन टाइम कम करने और खेल आधारित शिक्षा जैसे विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। धार, शिवपुरी और शहडोल जिलों में भी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया।

## रायसेन कृषि मेला

रायसेन जिले में 11 अप्रैल से तीन दिवसीय "उन्नत कृषि महोत्सव-2026" का आयोजन किया जाएगा। इसमें किसानों को देश के जाने-माने कृषि वैज्ञानिकों से आधुनिक खेती और नई तकनीकों की जानकारी देंगे। महोत्सव में पशुपालन विभाग

के स्टॉल पर गिर, साहिवाल गाय, मुर्रा भैंस, कड़कनाथ मुर्गी और विभिन्न नस्ल की बकरियों का प्रदर्शन किया जाएगा। मध्यप्रदेश गौ-संवर्धन बोर्ड आदर्श गौशाला का मॉडल पेश करेगा और स्वावलंबी गौशाला नीति-2025 की जानकारी देगा।

**एआई कोर्स होंगे शुरू**

प्रदेश के 68 सरकारी कॉलेजों में अगले शैक्षणिक सत्र 2026-27 से AI और फिनटेक विद AI के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए जाएंगे. ये कोर्स IIT दिल्ली के सहयोग से चलाए जाएंगे। इस साल 2000 छात्रों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले साल के मुकाबले दोगुना है।

**ट्रेनिंग प्रोग्राम**

भोपाल के आज नए सीईओ और विकास खंड अधिकारियों के 45 दिन के ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन हुआ। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अधिकारियों से कहा कि अगले तीन साल ऐसा काम करें जिससे खुद को संतोष मिले, क्योंकि यही संतोष बताएगा कि आपने आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क किया।

**जल गंगा संवर्धन अभियान- प्रथम स्थान**

जल गंगा संवर्धन अभियान में खरगौन जिले के कसरावद विकासखंड ने 7.01 स्कोर के साथ पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है. वहीं खरगौन जिले को भी जल संरक्षण कार्यों के लिए प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है। 19 मार्च से शुरू हुए इस अभियान में कसरावद ब्लॉक में 1,236 में से 855 काम पूरे किए गए और 24.10 करोड़ की स्वीकृत राशि में से 86 फीसदी से ज्यादा खर्च किया गया।

**मौसम**

अब बात मौसम की। प्रदेश में कल से तेज गर्मी का दौर शुरू होने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार दिन के तापमान में 5 से 6 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला, सिवनी और बालाघाट में आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया गया। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के 24 जिलों में आंधी-बारिश हुई और भिंड में ओले भी गिरे।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

मंगोलिया में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय महिला मुक्केबाजों ने एक ही दिन में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर अपना दबदबा कायम किया। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुडा ने मंगोलिया की नोमुंडारी एन्ख-अमगलान को 5 शून्य से हराकर 48 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। प्रीति पवार ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में चीन की खिलाड़ी को 5 शून्यू से मात दी। वहीं प्रिया घंघास ने 60 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में उत्तर कोरिया की वॉन उन-ग्योंग को तीन शून्य से हराया।

## समाचार सक्षेप में .....

- परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने आज आगरमालवा जिले के नलखेड़ा में आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत की।
- झाबुआ जिले में किसानों की मदद के लिए आज से 30 अप्रैल तक कृषि चौपाल अभियान चलाया जा रहा है।
- खंडवा जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत कल 555 किशोरियों को टीका लगाया गया।
- मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग ने ग्राम धमनार में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों को मिलने वाले खाने की गुणवत्ता जांची।
- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल में आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- शहडोल में द्वारका नगरी योजना के तहत 4 मुख्य सड़कों के कायाकल्प के लिये 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है।
- राजगढ़ में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 पर हिंद कन्वेंट स्कूल के सभा भवन में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।
- सीहोर में 16 अप्रैल को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार , स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा।

- विश्व होम्योपैथी दिवस, हैनीमेन जयंती पर कल देवास के उपस्वास्थ केंद्र में, विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जाएंगे।
- अशोकनगर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा में नदी में साफ सफाई कर श्रमदान किया गया।
- धार जिला मुख्यालय में आज विधायक नीना वर्मा द्वारा  दो दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेले का उद्घाटन किया गया।
- उमरिया में सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना का औचक निरीक्षण कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

............................